दिनांक : 11.11.2005

सेवा में,

श्रीमान् उपायुक्त महोदय,
गुडगांवा

विषय: <u>मै० फैशन एक्सप्रैस प्लाट नम्बर 100, उद्योग विहार, फेस-1, गुडगांवा के प्रबन्धक श्री गौरव ममिक द्वारा श्रमिकों को जान से मरवाने की धमकी दिए जाने तथा महिला श्रमिकों का Sexual Harrasiment करने सम्बन्धित शिकायत।</u>

श्रीमान् जी,

प्रार्थीगण सादर निवेदन करते है :-

1. यह कि प्रार्थीगण मैसर्ज फैशन एक्सप्रैस, प्लाट नम्बर 100, उद्योग विहार, फेस-1, गुडगांवा में कार्यरत श्रमिक है।
2. यह कि उपरोक्त संस्थान के प्रबन्धकों द्वारा प्रार्थीगण को पिछले कई सालों से दीपावली के अवसर पर 20 प्रतिशत Ex-Gratia राशि दीपावली बोनस के रूप में व दीपावली गिफ्ट व मिठाई दी जाती रही है परन्तु इस बार दीपावली के अवसर पर प्रबन्धकों ने प्रार्थीगण को ना तो Ex-Gratia राशि ही दीपावली बोनस के रूप में दी और ना ही दीपावली गिफ्ट व मिठाई ही दी - जिस बारे प्रार्थीगण ने एक सामूहिक शिकायत दिनांक 09.11.2005 श्रम तथा समझौता अधिकारी, गुडगांव को दी हुई है और जिसके समाधान हेतु माननीय श्रम तथा समझौता अधिकारी ने दिनांक 14.11.2005 की तिथि निश्चित की हुई है।

3. यह कि प्रार्थीगण द्वारा प्रबधकों के खिलाफ बोनस सम्बन्धित शिकायत श्रम तथा समझौता अधिकारी को करने से प्रबन्धक बौखला गए है और इसी बौखलाहट के अन्तर्गत उन्होने प्रार्थीगण में हडकम्प मचाने की नियत से दिनांक 10.11.2005 को एक श्रमिक श्री जितेन्द्र भगत के खिलाफ दो डिजाईनरो श्री भरत व कुमार रूचिका से झूठी शिकायते लिखने को कहा तथा ऐसा ना करने पर उन्हे तुरन्त त्याग पत्र देने को कहा।

4. यह कि उपरोक्त घटना की सुचना उसी दिन अर्थात दिनांक 10.11.2005 को जब प्रार्थीगण को मिली तो करीब दो बजे वे उपरोक्त विषय पर बातचीत करने कम्पनी मालिक श्री गौरव ममिक से मिलने उनके आफिस गए परन्तु श्री गौरव ममिक ने प्रार्थीगण की बात सुनने की बजाए उटला उन्ही पर आग बबूला हो गए और उन्हे माँ बहन की गन्दी-गन्दी गालियां निकालते हुए कहने लगे कि "मै कम्पनी मालिक हूं मेरे पास बहुत पैसा है, मै जो चाहूं करूंगा, तुम मेरे सामने चिंटी हो, मै जब चाहूं तुम्हे मसलवा दूंगां, तुम मेरे खिलाफ शिकायतें करते हो, मै तुम्हे गुण्डों से मरवा दूंगा"। इस पर कुछ महिला श्रमिकों ने श्री गौरव ममिक को गालियाँ ना निकालने को कहा तो श्री ममिक ने महिला श्रमिकों को कहा कि "मै तुम्हारी पुंगी बजा दुंगा और गुण्डे बुला कर तुम्हे नंगा करके सारी कम्पनी में घुमा दूंगा।"

5. यह कि कम्पनी मालिक श्री गौरव ममिक के उपरोक्त व्यवहार से सभी श्रमिकों ने भय व आतंक का माहौल पैदा हो गया है तथा महिला श्रमिकों

के आत्म सम्मान को गहरी ठेस पहुंची है और उनमें अपनी सुरक्षा को लेकर असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है।

6. यह कि कम्पनी प्रबन्धक प्रारम्भ से ही मजदूर विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे है और सैकडों श्रमिकों को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकाल चुका है तथा सैकडों श्रमिकों के भविष्य निधि के पैसों का गबन कर चुके है।

उपरोक्त तथ्यों और विवरण के आधार पर जनाब से प्रार्थना है कि मामले में तुरन्त हस्तक्षेप किया जाए और दोषी श्री गौरव ममिक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। आपकी अति कृपा होगी।

प्रार्थीगण

प्रतिलिपि :

1. माननीय मुख्य मंत्री हरियाणा सरकार, चण्डीगढ।
2. श्रीमान् एस.पी. महोदय, गुडगांव।
3. श्रीमान् एस.एच.ओ. महोदय, थाना उद्योग विहार, गुडगांव।
4. माननीय श्रम आयुक्त चण्डीगढ।
5. उपश्रमायुक्त, गुडगांव ।
6. श्रम तथा समझौता अधिकारी, गुडगांव।

सत्यनारायण यादव -
सुनील श्रीवास्तव -
अमित कुमार II - अमित कुमार
एस.बी. त्रिवेदी - Salik
विष्णु देव -
रामबाबू - रामबाबू
रविन्द्र कुमार
मो. असलम - Aslam
राजेन्द्र कुमार
श्याम जी
राम कृष्ण पाण्डेय -
जितेन्द्र कुमार - जितेन्द्र
तारा चन्द शर्मा - Tara
संजय दहिया -
रविन्द्र कु. II
प्रकाश चन्द - प्रकाश चन्द
नेम सिंह - नेमसिंह
संजय कुमार - संजय कुमार
राधा चरण -
बलबीर - BalBir Singh
राम कुमार झा -
हरिओम मिश्रा
बलराम सिंह
सीताराम

राजबीर	राजबीर सिंह
कर्मवीर	[illegible]
आजाद अली	Azad Ali
निहाल सिंह	Nihal Singh
उमेश पाण्डे	[illegible]
केशव सिंह	[illegible]
कौशल कुमार	[illegible]
प्रदीप कुमार	[illegible]
दलबीर सिंह	प्रदीप कुमार
हरीप्रकाश	Dalbir Singh
जीत बहादुर	Hariprakash
[illegible] सिंह	जीत बहादुर
नन्दकिशोर	[illegible]
चन्द्रभान	[illegible]
अजीत सिंह	चन्द्रभान
मनोज कुमार	[illegible]
सुशान्त	[illegible]
V.P. सिंह	[illegible]
मुन्नीलाल	V.P. Singh
बिरजू	[illegible]
होडिल सिंह	[illegible]
गोपी	HSG[illegible]
प्रेमपुरी	[illegible]
ओमप्रकाश	[illegible]
लोकेश	Lokesh
मनोज कुमार राय	[illegible]
अनवर	अनवर
भगवान दास	भगवान दास
अभय	Abhay
देवेन्द्र सिंह	[illegible]
मीरसिंह	मीरसिंह

रामनिवास	
मन्नुरमन	
सतबीर सिंह	सतबीर सिंह
ललित कुमार	
आनन्द कुमार	
लक्ष्मीनारायन	
सुरेश कुमार	सुरेश
महेशचन्द	
आलमगीर	आलमगीर
सुरेन्दर शाह	Smith
नन्दकिशोर व्यास	नन्दकिशोर व्यास
मो० जान अन्सारी	मो० जान
अरविन्द मिश्रा	
प्रोधर मलिक	
रामकिशन	रामकिशन
किशोर कुमार	